◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

# नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

CHHATTISGARH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 14 नवम्बर 2026

कृषि

## कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता : लच्छू राम गावड़े



कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता : लच्छू राम गावड़े

कोयलीबेड़ा / कांकेर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता (Input Assistance) दिए जाने का निर्णय अत्यंत स्वागतयोग्य और उत्साहजनक है। कोयलीबेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से प्रदेश के अन्नदाताओं का सम्मान करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इस आर्थिक सहायता से किसानों को खेती-किसानी की लागत कम करने, कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। विशेष रूप से बस्तर संभाग के आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों के किसानों के लिए यह निर्णय काफी लाभकारी साबित होगा।

गावड़े ने बताया कि पूर्व में प्राकृतिक परिस्थितियों और कम उत्पादन के कारण वनांचल के किसान कई बार निर्धारित मात्रा में धान नहीं बेच पाते थे, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। लेकिन अब सत्यापित धान रकबे के आधार पर सीधे प्रति एकड़ सहायता राशि मिलने से क्षेत्र के छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

अंत में उन्होंने अपील करते हुए कहा, "मैं क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से योजना का शत-प्रतिशत लाभ उन्हें मिल सके।",,,

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

### बिलासपुर की बदहाल व्यवस्था पर नागरिकों का फूटा आक्रोश, डीके राय ने शासन-प्रशासन और निगम को ठहराया जिम्मेदार

बिलासपुर की बदहाल व्यवस्था पर नागरिकों का फूटा आक्रोश, डीके राय ने शासन-प्रशासन और निगम को ठहराया जिम्मेदार सड़क की बदहाली, उड़ती धूल, बिगड़ता ट्रैफिक और अरपा नदी में गंदगी से परेशान नागरिकों ने उठाए सवाल बिलासपुर। शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर अब आम नागरिकों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। अशोक

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

### पंखाजूर , शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) पंखाजूर इकाई द्वारा विगत दिनों आश्रम छात्रावास में छात्र की मलेरिया से मृत्यु हुई है। घटना की सूक

पंखाजूर , शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) पंखाजूर इकाई द्वारा विगत दिनों आश्रम छात्रावास में छात्र की मलेरिया से मृत्यु हुई है। घटना की सूक्ष्म जांच की मांग को लेकर एसडीएम पंखाजूर के माध्यम से कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन सौंप कर घटना की सूक्ष्म जांच की मांग किया गया ।तत्पश्चात शिवसेना द्वारा आदिवासी

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

स्थानीय

## धान की अवैध परिवहन रोकने हेतु जिला स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का गठन




धान की अवैध खरीदी और उसके अनधिकृत परिवहन पर प्रभावी ढंग से नजर रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके अंतर्गत अब एक जिला स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का गठन किया गया है, जो धान की आवाजाही की निरंतर निगरानी करेगा।

इस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से प्रशासन धान की खरीदी प्रक्रिया और परिवहन से जुड़ी गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य धान के अवैध परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाना और यह सुनिश्चित करना है कि धान की खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और नियमानुसार हो। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

— Vijay singh

अपराध

## संतान प्राप्ति की दवाई के बहाने महिला से ठगी और गहने लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भानुप्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई




भानुप्रतापपुर। संतान प्राप्ति की दवाई देने के बहाने महिला को झांसे में लेकर सोने का मंगलसूत्र और चांदी की पायल लूटने वाले दो फरार आरोपियों को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर सम्मोहन करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।

पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर 2026 को पांच लोग महिला के घर पहुंचे और संतान प्राप्ति की दवाई देने के नाम पर 3,700 रुपये ऑनलाइन भुगतान कराया। इसके बाद 30 सितंबर को दोबारा घर पहुंचकर आरोपियों ने महिला को झांसे में लिया और कथित तौर पर सम्मोहन कर उसके पहने हुए सोने के मंगलसूत्र और चांदी की पायल उतरवा ली।

मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान जोत कुमार ठाकुर (24 वर्ष), निवासी टेड़ेसरा और गोकुल (27 वर्ष), निवासी आरीकोनारी, जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के चार लॉकेट, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

— Devendra Kumar पोया

अपराध

## साइबर ठगी के म्यूल बैंक खातों पर कांकेर पुलिस का शिकंजा, दो खाताधारक गिरफ्तार




कांकेर। देशभर में साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में इस्तेमाल हो रहे म्यूल बैंक खातों के खिलाफ कांकेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। जांच में बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों का संबंध देश के 8 राज्यों में दर्ज 11 साइबर शिकायतों से सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, इन शिकायतों में करीब 3 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी का उल्लेख है। वहीं संबंधित बैंक खातों में 67 हजार 850 रुपये की राशि होल्ड कराई गई है।

साइबर सेल से मिले इनपुट के आधार पर थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने जांच की। इसमें सामने आया कि संबंधित बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और दूसरे खातों में ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था।

मामले में पुलिस ने अखिलेश्वर जैन (25 वर्ष), निवासी उत्तामारा और सतीश कुमार उसेंडी (26 वर्ष), निवासी जैपरा, थाना दुर्गूकोंदल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 318(3) एवं 318(4) के तहत कार्रवाई की गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन एवं एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना भानुप्रतापपुर पुलिस टीम ने की।

— Devendra Kumar पोया

देश

## *साइबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 3.37 करोड़ की शिकायतों से जुड़े तार*




*साइबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 3.37 करोड़ की शिकायतों से जुड़े तार*

**भानुप्रतापपुर।** साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और दूसरे खातों में ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने के मामले में भानुप्रतापपुर पुलिस ने दो खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। जांच में बैंक ऑफ बड़ौदा के संबंधित खातों का उपयोग म्यूल बैंक खातों के रूप में किए जाने का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, देश के बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों से इन खातों के संबंध में कुल 11 साइबर शिकायतें सामने आई हैं। इन शिकायतों में लगभग **3 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपये** की ठगी का उल्लेख है, जबकि संबंधित खातों में ₹67,850 की राशि होल्ड की गई है।

मामले में पुलिस ने अखिलेश्वर जैन (25), निवासी उत्तामारा और सतीश कुमार उसेंडी (26), निवासी जैपरा, थाना दुर्गूकोंदल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 318(3) एवं 318(4) के तहत कार्रवाई की गई है।

*कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में की गई।*

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

धर्म

## कलेक्टर करेंगे बलरामपुर के सिंदूर नदी छठ घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण



कलेक्टर ने बलरामपुर में स्थित सिंदूर नदी के छठ घाट पर छठ पूजा की तैयारियों की देखरेख करने का निर्णय लिया।

इस कदम से स्थानीय प्रशासन को आयोजन में अनुशासन, सफाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

स्थानीय लोग इस पहल का स्वागत कर रहे हैं और आशा व्यक्त कर रहे हैं कि इस वर्ष का छठ पूजा सफल और सुरक्षित रहेगा।

कलेक्टर ने स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया है, ताकि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूरी हो सकें।

— Vijay singh

## करोड़ों रुपए की लागत वाला कोटपाली डैम निर्माण कार्य अधर में



रजस्थान के कोटा जिले में स्थित कोटपाली डैम का निर्माण कार्य, जिसकी लागत करोड़ों रुपए है, वर्तमान में अधर में है।

यह परियोजना जल संसाधन प्रबंधन और क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। हालांकि, निर्माण कार्य में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक कार्य के आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई है।

परियोजना के अधर में रहने से क्षेत्र में जल आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं पर असर पड़ सकता है। आगे की प्रगति के लिए संबंधित विभागों से स्पष्ट निर्देशों की प्रतीक्षा है।

— Vijay singh

राजनीति

## कांग्रेस ने लॉन्च किया “वोट बचाओ, देश बचाओ” अभियान



कांग्रेस ने आज राष्ट्रीय स्तर पर “वोट बचाओ, देश बचाओ” अभियान का शुभारम्भ किया। यह पहल लोकतंत्र के मूल सिद्धान्त को सुदृढ़ करने के लिये उठाई गई है।


इस अभियान का मुख्य संदेश है कि प्रत्येक मत का महत्व है और राष्ट्र की दिशा तय करने में वोट की भूमिका अपरिहार्य है। विभिन्न मंचों पर इस संदेश को प्रसारित किया जाएगा।

पार्टी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मतदान अधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित बनायें। अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम और सूचना सामग्री वितरित की जाएगी।

— Vijay singh

स्थानीय

## धनपुरी नगर पालिका के वार्ड-1 में नर्मदा गंज तालाब की बदहाल स्थिति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल



धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-1 में स्थित नर्मदा गंज तालाब की वर्तमान स्थिति को लेकर नागरिकों ने गंभीर आशंका व्यक्त की है।

पिछले कुछ महीनों में तालाब के पुनर्निर्माण कार्य किए गए, परन्तु जल निकासी, किनारे की मजबूती और सतह की समतलता में कई खामियां देखी गईं।

स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता इन खामियों को सार्वजनिक मंच पर उठाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल कर रहे हैं, तथा उचित सुधार की मांग कर रहे हैं।

नगर पालिका ने अभी तक इन मुद्दों पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिससे स्थिति की निगरानी और सुधार के लिए दबाव बढ़ रहा है।

— Brijesh Kumar Lodhi

## *वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत कोड़ेकुर्से में आयोजित जनचौपाल में शामिल हुईं विधायक सावित्री मनोज मंडावी*



*वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत कोड़ेकुर्से में आयोजित जनचौपाल में शामिल हुईं विधायक सावित्री मनोज मंडावी*


*दुर्गूकोंदल*

*वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के अंतर्गत कोड़ेकुर्से में जनचौपाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी विशेष रूप से शामिल हुईं और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।इस दौरान विधायक श्रीमती मंडावी ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की रक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता के महत्व पर अपनी बात रखी।*

*कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोड़ेकुर्से प्रभारी विरेन्द्र सिंह ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनेश नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई,मंडल अध्यक्ष रघुनंदन गोस्वामी, जनपद सदस्य निर्मला कोवाची, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखचंद प्रजापति, जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष गोपाल राठी,नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर विजय धामेचा,रजमन कोवाची, हीरालाल कोमरे, सियाराम दर्रो, अर्जून टांडिया, मुन्ना पटेल,गन्नू सिन्हा,जय हिड़को, विनोद राना सहित कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।*,,,,

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

## बेसंतपुर के बेन्द्रचुआ मार्ग पर तेज गति से चलती कार पलटी, दो लोग घायल




रात के लगभग 11 बजे बेसंतपुर के बेन्द्रचुआ मार्ग के मोड़ पर तेज गति से चल रही कार अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर निकल गई और पलट गई।

कार का पंजीकरण क्रमांक MP65C4604 बताया गया है। मोड़ पर वाहन का नियंत्रण हटने के बाद वह नीचे उतरकर उलट गया।

घटना के बाद कार में सवार चालक और उसके एक साथी को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तुरंत निकटवर्ती अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

स्थानीय लोगों की भीड़ दुर्घटना स्थल पर इकट्ठा हो गई। दुर्घटना के कारणों और घायलों की स्थिति की पुष्टि अभी जारी है।

— देवान सिंह मराबी

खेल

## *जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 23 एवं 24 नवंबर को होगा आयोजित*



*जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 23 एवं 24 नवंबर को होगा आयोजित*

*11 खेल विधाओं में खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा, आयोजन की तैयारियों को लेकर विभागों को सौंपे गए दायित्व*

*दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, पेयजल एवं ठंड से बचाव के लिए होगी विशेष व्यवस्था*

कांकेर, जिला मुख्यालय कांकेर में 23 एवं 24 नवंबर को जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी की अध्यक्षता में आज संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री मंडावी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक शासन का महत्वपूर्ण आयोजन है।

इसके सफल संचालन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के आवागमन, ठहरने, भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से दूरस्थ विकासखंडों से आने वाले बच्चों की सुविधाओं का ध्यान रखने तथा ठंड से बचाव के लिए ठहरने के स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने को कहा। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान, इंडोर स्टेडियम, मिनी स्टेडियम तथा शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, रस्साकसी, बैडमिंटन, तीरंदाजी, कराते, वेटलिफ्टिंग एवं एथलेटिक्स सहित कुल 11 खेल विधाओं में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत 23 नवंबर को जूनियर वर्ग तथा 24 नवंबर को सीनियर वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

*खेल विधाओं के लिए निर्धारित किए गए आयोजन स्थल*

प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए खेलवार आयोजन स्थल निर्धारित किए गए हैं। कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, एथलेटिक्स, हॉकी, कराते एवं वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित होंगी। फुटबॉल एवं बैडमिंटन के मुकाबले मिनी स्टेडियम में तथा तीरंदाजी की प्रतियोगिता शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर में आयोजित की जाएगी।

*महिलाओं के लिए होगी रस्साकसी प्रतियोगिता*

आयोजन की विशेष बात यह है कि रस्साकसी प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ श्री मंडावी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं व्यायाम शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए अनुशासन बनाए रखना सुनिश्चित करें तथा उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर घूमने से रोकें। उन्होंने कहा कि नरहरदेव स्कूल मैदान में मुख्य मंच तैयार किया जाएगा तथा सभी प्रतियोगिता स्थलों पर टेंट की व्यवस्था भी रहेगी। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ठहरने वाले स्थानों एवं खेल मैदान में अलाव जलाने की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रातः 9 बजे आयोजन स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिलेगा।

इससे युवाओं में खेल भावना, आपसी सद्भाव, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री भगवत प्रसाद जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री टीकाराम देवांगन सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।,,,

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

देश

## *सुदूर वनांचलों में पहुंची दुर्गूकोंदल पुलिस, युवाओं को बस्तर फाइटर भर्ती से जोड़ने की अनूठी पहल*



*सुदूर वनांचलों में पहुंची दुर्गूकोंदल पुलिस, युवाओं को बस्तर फाइटर भर्ती से जोड़ने की अनूठी पहल*

बांटे आवेदन फॉर्म, भर्ती प्रक्रिया की दी जानकारी और दलालों से सावधान रहने किया जागरूक*

दुर्गूकोंदल। युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और पुलिस भर्ती के प्रति जागरूक करने के लिए कांकेर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी पहल के तहत दुर्गूकोंदल थाना प्रभारी सुनील दुबे ग्राम बांगाचार क्षेत्र के सुदूर वनांचल गांवों में पहुंचे और युवाओं को बस्तर फाइटर भर्ती के आवेदन फॉर्म वितरित किए।

इस दौरान थाना प्रभारी ने युवाओं को भर्ती की प्रक्रिया, आवेदन भरने और आवश्यक जानकारियों के संबंध में विस्तार से समझाया। उन्होंने युवाओं को मेहनत और लगन के साथ भर्ती की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

साथ ही युवाओं को दलालों और ठगों से सतर्क रहने की समझाइश देते हुए कहा कि नौकरी दिलाने या भर्ती में चयन कराने के नाम पर यदि कोई पैसे की मांग करता है तो उसके झांसे में न आएं और तत्काल पुलिस को सूचना दें।

कांकेर पुलिस की इस पहल से अब सुदूर वनांचल के युवाओं तक भी भर्ती संबंधी जानकारी पहुंच रही है। पुलिस की यह कोशिश युवाओं को सही मार्गदर्शन देने के साथ उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में सराहनीय कदम है।

— लक्ष्मण सिंह दर्रो

खेल

## 2. अहिवारा प्रीमियर लीग (एपीएल) का आगाज 16 से, देशभर की 16 टीमें दिखाएंगी दमखम



नंदिनी अहिवारा (दुर्ग)।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए नंदिनी अहिवारा में अहिवारा प्रीमियर लीग (एपीएल) के सातवें संस्करण का आयोजन 16 से 22 नवंबर तक किया जाएगा। इस भव्य प्रतियोगिता में देशभर की 16 टीमें हिस्सा लेंगी और खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

टूर्नामेंट में विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 5 लाख रुपये, द्वितीय 3 लाख रुपये, तृतीय 75 हजार रुपये और चतुर्थ पुरस्कार 50 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

प्रतियोगिता में अहिवारा सुपर किंग, टारगेट 11, लायन बॉयज, विध्वंसक 11 राजनांदगांव, त्रिनेत्र स्ट्राइकर्स बालोद, शिवा 11 रायपुर, बीएच शौर्य 11 रायपुर, चक दे बॉयज बिलासपुर, नव्या ओम 11 लोरमी, आरके पैंथर दुर्ग, मोक्ष मारुति 11 भिलाई, ट्रिपल ए स्ट्राइकर्स भिलाई, राइजिंग स्टार बेमेतरा, अमर 11 बेमेतरा, वीएस 11 भिलाई और रॉयल वॉरियर्स जामुल-अहिवारा की टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

— ADITYA YADAV

## शांति व्यवस्था भंग करने वाले 06 आरोपियों पर थाना सरकंडा पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**



**शांति व्यवस्था भंग करने वाले 06 आरोपियों पर थाना सरकंडा पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर श्री रजनेश सिंह के निर्देशन* एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री पंकज पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा श्री तिलेश्वर प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान के नेतृत्व में सरकंडा पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सरकंडा पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में संलिप्त एवं शांति भंग करने की आशंका पर 06 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**कार्यवाही का विवरण:**

थाना सरकंडा क्षेत्रांतर्गत गश्त एवं पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक/व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर वाद-विवाद एवं हुड़दंग कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा समझाइश देने के बावजूद आरोपी शांत नहीं हुए और संज्ञेय अपराध घटित करने पर आमादा रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा मौके से सभी 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम एवं पते:**

1. **राहुल कलशा** पिता गिरजा प्रसाद, उम्र 26 वर्ष, निवासी श्याम नगर लिंगियाडीह, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

2. **वकील कुरैशी** पिता हनिफ कुरैशी, उम्र 44 वर्ष, निवासी चांटीडीह पठान मोहल्ला, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

3. **रेहान खान** पिता मोहम्मद मंसुर मौमित, उम्र 20 वर्ष, निवासी बंधवापारा, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

4. **समीर हुसैन** पिता शेख अहमद, उम्र 19 वर्ष, निवासी सतबहिनीया मंदिर के पास बंधवापारा, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

5. **दीपक साहू** पिता दुर्गेश साहू, उम्र 18 वर्ष, निवासी अशोक नगर, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

6. **शनि यादव** पिता गणेश यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी मुरूम खदान अशोक नगर, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना सरकंडा के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। बिलासपुर पुलिस द्वारा आम नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

## महिला गायब होने की सूचना




कोरबा क्षेत्र से निकली है 52 वर्ष की महिला गायब होने से घर वाले परेशान जिससे प्लीज प्रशासन से मदद मांगी

— Santosh Agrawal, कोरबा

कृषि

## समय-सीमा की बैठक में धान खरीद की तैयारियों की व्यापक समीक्षा



एक विशेष बैठक में धान खरीद के लिये निर्धारित समय-सीमा की तैयारियों की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान कार्यप्रगति को प्रस्तुत किया और बिंदु-बिंदु पर चर्चा की।

कार्यों को शीघ्रता से पूरा करना आवश्यक है, जबकि अन्य कार्यों के लिये अतिरिक्त संसाधन एवं समन्वय की आवश्यकता है। सभी उपस्थित लोगों ने आवश्यक कदमों को निर्धारित किया और जिम्मेदारियों का पुनः आवंटन किया।

बैठक ने यह भी निर्णय लिया कि धान खरीद की प्रगति को निरंतर निगरानी में रखा जाएगा और निर्धारित अंतराल पर पुनः समीक्षा की जाएगी, ताकि समय-सीमा का पालन सुनिश्चित हो सके।

— Vijay singh

स्थानीय

## नशामुक्त जिला और सुरक्षित सड़कों को प्राथमिकता देने हेतु NCORD व सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक समाप्त



NCORD और सड़क सुरक्षा समिति ने एक संयुक्त बैठक का आयोजन कर नशामुक्त जिला और सुरक्षित सड़कों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। बैठक में दोनों निकायों के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में आवश्यक कदमों पर चर्चा की और कार्य-योजना तैयार की।

बैठक के मुख्य बिंदु में नशा मुक्त क्षेत्रों की स्थापना और सड़कों की सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना शामिल था। दोनों पक्षों ने यह भी सहमति व्यक्त की कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत निगरानी और स्थानीय प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता होगी।

बैठक के अंत में यह स्पष्ट किया गया कि नशामुक्त जिला और सुरक्षित सड़कों को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक नीतियों को शीघ्र कार्यान्वित किया जाएगा, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों में सुधार होगा।

— Vijay singh

## जिले में 5.46 लाख मतदाताओं की सूची प्रकाशित, 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का मौका



जिले में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन जारी कर दिया गया है। इस प्रारंभिक सूची में कुल 5.46 लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं।

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार, नागरिकों को अब अपनी सूची में नाम की जांच करने और आवश्यकतानुसार सुधार कराने का मौका दिया गया है। इसके लिए 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का समय निर्धारित किया गया है।

मतदाताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपनी सूची की जांच करें और यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो निर्धारित तिथि तक दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूरी करें।

— Vijay singh

## गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रतियां उपलब्ध



गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 12 नवम्बर 2026। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के अंतर्गत जिले में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। इस सूची की तैयारी अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर की गई है और इसे जिले के सभी मतदान केंद्रों एवं निर्धारित स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है।

इस संबंध में आज जिला निर्वाचन कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 24-मरवाही एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 25-कोटा के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 70 तक की फोटोयुक्त मतदाता सूची की एक-एक मुद्रित प्रति, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। साथ ही, फोटो रहित मतदाता सूची की सॉफ्टकॉपी सीडी के माध्यम से भी प्रदान की गई।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन से संबंधित प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय ने स्पष्ट किया कि इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक नामावली को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सही ढंग से दर्ज हो सकें।

प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

— देवान सिंह मराबी

स्थानीय

## कोतमा के बंजारा तिराहे पर फूटी पाइपलाइन, सड़क पर हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा



कोतमा के बंजारा तिराहे पर स्थित पानी की पाइपलाइन फूट गई है, जिसके कारण सड़क पर हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

इस घटना से सड़क पर पानी की सतह बन गई है, जिससे वाहन चलाने में कठिनाई हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

सड़क पर बहता पानी पर्यावरण पर भी असर डाल रहा है, जिससे मिट्टी का क्षरण और जल निकासी में अवरोध हो सकता है।

— Brijesh Kumar Lodhi

राजनीति

## निर्वाचन अधिकारी ने आयोजित किया राजनीतिक दलों की बैठक




निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एकत्रित कर बैठक आयोजित की।

इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था।

## बालको रामलीला ग्राउंड में भाव भागवत कथा का आयोजन किया गया है




बालको नगर के बस स्टैंड रामलीला ग्राउंड ने भागवत कथा का आयोजन किया गया है सभी श्रद्धालु भार बढ़ चढ़ना भागवत कथा का रसपान करें

— Santosh Agrawal

स्थानीय

## शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति में उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव का शुभारंभ



उत्तर छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोककला महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शहीद वीर नारायण सिंह को सम्मानित करते हुए जनजातीय लोक नृत्य एवं कला को प्रोत्साहित करना है।

महोत्सव में छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातियों के कलाकारों ने पारम्परिक लोक नृत्य, गीत और संगीत का मंचन किया। प्रत्येक प्रस्तुति में स्थानीय संस्कृति की समृद्धि और परम्पराओं का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से देखा गया।

यह आयोजन स्थानीय समुदाय के बीच सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने और जनजातीय कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है।

— Vijay singh